ISSN: 2583-8849
साहित्य रत्न ई-पत्रिका अगस्त2023 वर्ष1 अंक4

अलग-अलग हैं मोर्चे

ज्यों पानी पर आग हो, छाँव पहन ले धूप।
सागर में सहरा दिखे, ऐसा तेरा रूप।।

नोचें भी यदि फूल को, देता है मकरन्द।
बहे क्रौञ्च की पीर से, आदि अनुष्टुप छन्द।।

मैं तो पूरे दृश्य का, समझा यह निहितार्थ।
युद्ध किया था कृष्ण ने, लड़ता दीखा पार्थ।।

अलग - अलग हैं मोर्चे, अलग - अलग हैं युद्ध।
कृष्ण लड़े जिस युद्ध को, लड़ पाता क्या बुद्ध।।

मैं ख़ुद में रहता नहीं, मुझमें रहते लोग।
ख़ुद को मैं अपने लिये, करता नहीं प्रयोग।।

मैं ख़ुद को समझा नहीं, कैसा ये दुर्योग।
मैं क्या हूँ अक्सर मुझे, बतलाते हैं लोग।।

मनसा - वाचा - कर्मणा , हम यदि हैं शालीन।
इसका मतलब ये नहीं, हमको समझो दीन।।

वो पैमाना ही नहीं, नाप सके जो व्यास।
एक छोर आसक्ति हूँ, एक छोर संन्यास।।

अंगारों से दोस्ती, सागर मेरा गेह।
मुझसे आकर वो मिले, होना जिसे विदेह।।

दिल में इक तूफ़ान है, लेकिन बंद ज़बान।
तरकश में हैं तीर पर, टुटी हुई कमान।।

फ़तह किये हैं मोर्चे, जीते युद्ध अनन्त।
ख़ुद से युद्ध न कर सका, मैं जीवन पर्यन्त।।

मैंने ख़ुद को बो दिया, जो भी काटे फ़स्ल।
रक्खे मुझे सहेज कर, आने वाली नस्ल।।



विज्ञान व्रत

जन्म-तिथि : 17 अगस्त 1943

जन्म-स्थान : तेड़ा (मेरठ) उ प्र

शिक्षा : M A ललित कला , B Ed ,

डिप्लोमा -- चित्रकला (राजस्थान)

सम्प्रति : लेखन तथा चित्रकला

प्रकाशित कृतियाँ :

ग़ज़ल संग्रह : बाहर धूप खड़ी है , चुप की आवाज़ , जैसे कोई लौटेगा , तब तक हूँ , मैं जहाँ हूँ , शर्मिन्दा पैमाने थे , किसका चेहरा पहना है , भूल बैठा हूँ जिसे , मेरा चेहरा वापस दो , याद आना चाहता हूँ , लेकिन ग़ायब रौशनदान , मेरे वापस आने तक , रौशनी है आपसे और विज्ञान व्रत : चुने हुए शे'र

दोहा संग्रह : खिड़की भर आकाश

नवगीत संग्रह : नेपथ्यों में कोलाहल

बालगीत संग्रह : अक्कड़ - बक्कड़ इल्ली - गिल्ली

प्राप्त साहित्यिक सम्मान व पुरस्कार : "अन्तरराष्ट्रीय वातायन सम्मान " (लन्दन) ,

"सुरुचि सम्मान" गुरुग्राम , "परम्परा सम्मान" बिजनौर ,

"समन्वय सारस्वत - सम्मान" सहारनपुर , "हिन्दी गौरव सम्मान" नीदरलैंड ,

"आधारशिला कला भूषण सम्मान " मॉरीशस , "साहित्य सम्मान" सिंगापुर ,

"मनु 'स्मृति सम्मान" दिल्ली , "कँवल सरहदी सम्मान" मेरठ ,

"साहित्य मण्डल सम्मान" श्रीनाथद्वारा , "ताज-ए-हिन्दुस्तान सम्मान" पंचकूला ,

पत्राचार संपर्क : एन.- 138, सैक्टर-25, नोयडा- 20130,1

दूरभाष संपर्क : 09810224571

ईमेल संपर्क vigyanvrat@gmail.com